卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 80 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦27 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## डबल इंजन की सरकार विकास की ओर उन्मुख: धामी

### उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के अष्टम दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं को बांटी गयी उपाधियां






हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के अष्टम दीक्षांत समारोह में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत शामिल हुए। इस मौके पर 21 छात्रों को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, दो छात्रों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक एवं तीन प्रायोजक स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इसके साथ ही पांच छात्रों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। वहीं विभिन्न विद्याशाखाओ में 15417 को स्नातक और स्नाकोत्तर की उपाधि प्रदान की गई। इस मौके पर राज्यपाल ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी छात्रों को शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। सीएम धामी ने कहा कि वो परीक्षा में सफल छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इसके (शेष पृष्ठ सात पर)

## आंगन से बच्चे को उठा ले गया बाघ

देहरादून(उद संवाददाता)। राजधानी के सिंगली गांव में बाघ की धमक से दहशत बनी हुई है। बाघ मंगलवार रात एक चार साल के बच्चे को आंगन से उठाकर ले गया। बच्चे को बाघ के ले जाने की घटना से गांवमें हड़कंप मच गया। परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद बच्चे का शव जंगल से बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, घटना मंगलवार देर रात की है। थाना राजपुर क्षेत्र अंतर्गत अभिमन्यु क्रिकेट अकादमी से थोड़ा आगे सिंगली गांव में आयांश पुत्र अरुण सिंह निवासी ग्राम सिंगली घर के आंगन में था। तभी वहां अचानक बाघ आया और बच्चे पर झपट्टा मार दिया। इसके बाद वह उसे उठाकर ले गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने तत्काल सभी थाना प्रभारी, सीओ को बुला कर एसपी क्राइम के नेतृत्व में कांबिंग शुरू कराई। रातभर कांबिंग के बाद बच्चे का शव तड़के जंगल से बरामद हुआ। घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहोल है।



## मुख्यमंत्री का विरोध करते कई कांग्रेसी कार्यकर्ता गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के यहां पहुंचने से पूर्व युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यक्रम का विरोध करते हुए नारेबाजी के साथ काले गुब्बारे छोड़े। इसकी जानकारी मिटे ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सभी कार्यकर्ताओं को अपनी हिरासत में लेकर पुलिस वहां में बैठा लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिस से काफी देर तक धक्का मुक्की भी होती रही। साहू ने मुख्यमंत्री के हर मोर्चे पर विफल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सीएम धामी हर मोर्चे पर विफल हो रहे हैं ।सरकारी मेडिकल कॉलेजों से लेकर खनन तक सब निजीकरण कर मोटा माल कमा रहे हैं। युवा रोजगार के लिये दर दर भटक रहे। सीएम हवाई दौरे कर सरकारी खजाने को बर्बाद कर रहे हैं। साहू ने कहा राजपुरा जवाहर नगर में करीब 30 हजार से अधिक की आबादी निवास करती है। वर्षों तहसील दिवस समेत सैकड़ो बार सीएम को ज्ञापन भेजकर सीवर लाइन के निर्माण की मांग कर चुके हैं लेकिन कोई कार्यवाही नही होने से जनता को अभी भी खुले में शौच के लिये जाना पड़ रहा है।कांग्रेस नेत्री दीपा खत्री, प्रीती आर्या ने कहा धामी सरकार अंकिता भण्डारी के असली दोषियों को बचाने में लगी है अभी तक असली दोषियों का नाम सार्वजनिक न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस दौरान सचिन राठौर, निखिल कुमार, मयंक गोस्वामी, कमलेश आर्या, साहिल राज, नंदनी खत्री आदिलोग मौजूद थे।



## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शुरू की शीतकालीन चारधाम यात्रा

बड़कोट(उद संवाददाता)। ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार से उत्तराखंड के चारधामों की शीतकालीन तीर्थ यात्रा की शुरुआत की है। हरिद्वार में गंगा पूजन के साथ यात्रा शुरू की गई। इसके बाद बड़कोट नगर क्षेत्र में उनका अभिनंदन व भव्य स्वागत किया गया। सबसे पहले वह मां यमुना के शीतकालीन पूजा स्थल खरसाली पहुंचेंगे। इसके साथ ही सायंकालीन पूजा और आरती में शामिल होंगे। गुरुवार को शंकराचार्य उत्तरकाशी के लिए प्रस्थान करेंगे। शंकराचार्य द्वारा 2500 वर्ष पूर्व स्थापित परंपराओं का निर्वहन करते हुए ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य शीतकालीन पूजास्थलों की तीर्थयात्रा कर रहे हैं। यात्रा का समापन तीन जनवरी 24 को हरिद्वार में होगा। आदिगुरु शंकराचार्य परंपरा के इतिहास में यह पहला अवसर है जब ज्योतिष पीठ के आचार्य चारधामों के पूजा स्थलों की तीर्थ यात्रा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य की यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा था कि उनकी तीर्थ यात्रा से चारधामों में शीतकालीन यात्रा को बढ़ावा मिलेगा।



## गन्ना मूल्य वृद्धि को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर सिंह भुल्लर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर गन्ना मूल्य वृद्धि की मांग की गई। श्री भुल्लर ने ज्ञापन में कहा है कि विगत वर्षों से प्रदेश में गन्ने के मूल्य में कोई वृद्धि नहीं हुई है। जबकि डीजल, बिजली और अन्य खाद्य पदार्थों के मूल्य दिन प्रतिदिन बढ़ रहे है। लेकिन पिछले दो वर्षों से गन्ने के मूल्य में वृद्धि नहीं हुई है। जिस कारण गन्ना किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिसका सीधा असर किसानों की आजीविका पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान में किसान को जो गन्ने का मूल्य मिल रहा है, वह हाल की मंहगाई को देखते हुए नकाफी है। विगत वर्षों में गन्ने के उत्पादन में लागत लगातार बढ़ रही है, ऐसे में सरकार को गन्ना किसानो के विषय में सोचना होगा। गन्ना मूल्य में वृद्धि करनी होगी तब कही जाकर किसान को लाभ मिल सकेगा। मूल्य वृद्धि न होने पर मुख्यमंत्री और गन्ना मंत्री का घेराव करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान सजीत कुमार, रणजीत सिंह, गोकुल बिष्ट, सुनील कुमार, अमन कुमार, नाजिर हुसैन, विक्रम, शाहिद, शैलेंद्र आदि मौजूद थे।



## श्रद्धांजलि सभा/रस्म पगड़ी



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे रूद्रपुर के युवा व्यापारी पी.जी.कॉपी बॉक्स के मालिक व वरिष्ठ समाजसेवी **श्री अजय सक्सेना जी** का स्वर्गवास 17 दिसंबर 2023 को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति के लिए **श्रद्धांजलि सभा/ रस्म पगड़ी दिनांक 29 दिसंबर 2023 को** हमारे निवास स्थान- **बी-10, वसुंधरा गुरूबक्श ग्रीन्स, निकट कृष्णा अस्पताल, जेपीएस स्कूल गंगापुर रोड, रूद्रपुर** पर रखी गयी है।

**शांति पाठ:- प्रात: 11 बजे**
**ब्रहमभोज:- दोपहर 1 बजे, रस्म पगड़ी:- अपरान्ह 3 बजे**

**शोकाकुल परिवार**

**अमिता सक्सेना ( पत्नी )**
**प्रधानाचार्या आर्य कन्या इंटर कालेज, रूद्रपुर व समस्त परिवार**
**मो. 7454864459, 9837904776**

## बेकाबू डंपर की टक्कर से फैक्ट्री कर्मी गंभीर

काशीपुर(उद संवाददाता)। फैक्ट्री वर्कर को अनियंत्रित डंपर के चालक ने तेजी व लापरवाही से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हालत नाजुक होने पर घायल युवक को उपचार के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक सैनिक कॉलोनी चांदपुर गोपीपुर निवासी चंदन सिंह 23 वर्ष पुत्र पप्पू सिंह यहां रामनगर रोड स्थित शिवांगी फैक्ट्री में कर्मचारी के तौर पर काम करता है। पता चला है कि बीते रविवार की शाम लगभग 7:00 बजे ड्यूटी से छूटने के बाद फैक्ट्री के गेट के सामने खड़े होकर घर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था इसी दौरान मार्ग से होकर गुजर रहे अनियंत्रित डंपर संख्या यूके 15/1256 के चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से फैक्ट्री कर्मी को टक्कर मारकर गंभीर रूप से लहुलुहान कर दिया। एक्सीडेंट की घटना में घायल युवक के सिर में गंभीर चोटें आई। उसे राजकीय चिकित्सालय से परिजनों द्वारा मुरादाबाद के कॉसमॉस हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक देखते हुए सोमवार को उसके सिर का ऑपरेशन किया। घटना के तीसरे दिन तक घायल युवक की हालत लगातार नाजुक बनी रही। वह अस्पताल के बिस्तर पर अचेत पड़ा है। युवक की हालत गंभीर देख परिजन बेहद दुखी है। घायल युवक के पिता की लगभग3 वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। घायल युवक की मां सुनीता देवी ने पुलिस को मामले की तहरीर देने की बात कही है।



## घर से सामान चोरी करता एक दबोचा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्रातर्गत वसुंधरा गुरुबक्श ग्रीन कालोनी में एक घर से सामान चोरी करते युवक को दबोच कर उसे थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार वसुंधरा गुरुबक्श ग्रीन कालोनी निवासी राहुल कुमार विश्नोई पुत्र बलराम सिंह के घर में घुसकर एक युवक सामान चोरी कर रहा था। परिजनों के देख लेने पर वह भागने लगा। जिस पर लोगों ने पूछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से पंद्रह सौ रुपए नगद, एक (शेष पृष्ठ सात पर)

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# मोबाइल की दुकान में हुई चोरी का किया खुलासा, चोरी के माल सहित तीन गिरफ्तार

गदरपुर/गुलरभोज(उद संवाददाता)। गुलरभोज स्थित मोबाइल की दुकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन चोरों को चोरी हुए माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। बता दें प्रमोद कुमार पुत्र खैराती लाल निवासी गोविन्दपुर गूलरभोज ने थाना गदरपुर में तहरीर देकर कहा था कि 19 दिसम्बर की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा गूलरभोज स्थित उनकी दुकान पी के टेलीकॉम से दुकान की ताला तोडकर दुकान में रखे 6 मोबाईल फोन व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। एसएसपी के निर्देश पर गठित पुलिस टीम को छानबीन करने पर मामले में जसवन्त सिंह पुत्र प्रेम सिंह व रामू व गुरदेव निवासी पलवल हरियाणा की सक्रियता का पता चला। संदिग्ध रामू व गुरदेव से पूछताछ करने पर पता चला कि कुछ दिन पूर्व जसवन्त सिंह जो उनका दोस्त है, अपने रिश्तेदार सतनाम सिंह के घर विवाह समारोह में बन्नाखेड़ा बाजपुर के आया था, उसके द्वारा अपने साथियों रामू व गुरदेव निवासी पलवल हरियाणा को भी उक्त घटना को अंजाम देने के लिये बुलाया गया व अपने मित्र सतनाम, गंगाराम निवासी बन्नाखेड़ा बाजपुर के साथ मिलकर उक्त घटना को योजना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया । पुलिस ने रामू पुत्र वचन सिंह व गुरदेव सिंह पुत्र बलकार सिंह व सतनाम सिंह को चोरी हुए माल के साथ गिरफ्तार कर लिया।अभियुक्त गणों ने पूछताछ में बताया कि उनके द्वारा दूर दराज छोटे बाजारों में जाकर रैकी की जाती है व जहां सीसीटीवी कैमरे न लगे हों वहां चोरी करते है,आने-जाने में बसों व ट्रेन का प्रयोग करते हैं। अपने मोबाईल फोन भी अपने साथ नही ले जाते हैं। टीम में थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी,उ0नि0 राकेश कठायत प्रभारी चौकी गूलरभोज,का लक्ष्मण कुमार,दीपक जोशी,रघुवर सिंह, दयाल गिरी , उप निरीक्षक दीपक कठायत, एसओजी काशीपुर,का कैलाश तोम्कयाल एसओजी काशीपुर, का0 भूपेन्द्र कुमार एस0ओ0जी0 रुद्रपुर शामिल रहे ।



# बाघ के जबड़े से सहेली को खींच लाई बहादुर जानकी,सिर में 24 टांके लगे

## गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल भर्ती कराया

टनकपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र की एक महिला सहेली को बचाने के लिए खूंखार बाघ से भिड़ गई। इतना ही नहीं इस महिला ने ताबड़तोड़ पत्थर बरसाकर और दराती से वारकर सहेली को करीब 200 मीटर जंगल के अंदर खींचकर ले गए बाघ को खदेड़ दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उसके सिर में 24 टांके लगे हैं। शरीर के अन्य हिस्सों में भी पंजों के निशान हैं। प्राथमिक इलाज के बाद महिला को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। इस घटना से क्षेत्र में दहशत है। मंगलवार को उच्चौलोगोठ गांव निवासी गीता देवी (36) पत्नी रमेश सिंह महर और जानकी देवी चारा पत्ती लेने के गये थे। इसी दौरान बाघ ने गीता देवी पर हमला कर दिया और उसे घसीटकर जंगल की ओर ले गया। चीख-पुकार सुनकर जानकी देवी (25) पत्नी जितेंद्र महर ने हिम्मत दिखाते हुए गीता को बचाने के लिए हाथ में दरांती लेकर बाघ के चंगुल से गीता को छुड़ाने का प्रयास किया साथ ही पत्थरों से वार कर बाघ को दौड़ाया। गीता भी बाघ के जबड़े से छूटने के लिए संघर्ष करती रही। जानकी का कहना है कि बाघ और उसके बीच का फासला कुछ दूरी का ही रहा लेकिन उसने दराती और पत्थरों से उसे पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। शोर सुनकर आस पास के ग्रामीण भी मौके पर आ गये। तब तक बाघर जंगल की ओर भाग गया। गंभीर हालत में गीता को उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज कर रहे चिकित्सक डॉ. मोहम्मद आफताब आलम ने बताया कि बाघ ने महिला के सिर पर बुरी तरह हमला किया है। उसके सिर में 24 टॉक आए हैं। इसके अलावा शहरीर के अन्य हिस्सों में भी हमले के निशान हैं। महिला की गंभीर हालत को देखाते हुए हायर सैंटर रैफर किया गया है।





# हल्द्वानी व काशीपुर की क्रिकेट टीमें क्वार्टर फाइनल में

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय क्रिक्रेट पुरुष प्रतियोगिता 2023 -24 का आयोजन राजकीय महाविद्यालय रुद्रपुर द्वारा अपने क्रीड़ा प्रांगण में कराया गया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रथम मैच महाविद्यालय हल्द्वानी एवम महाविद्यालय हल्दूचौड़ के मध्य खेला गया। हल्द्वानी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 205 रन बनाए और महाविद्यालय हल्दुचौड़ को 20 ओवर में 206 रन का लक्ष्य दिया। महाविद्यालय हल्दुचौड़ ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 13 ओवर में 10 विकेट खोकर 64 रन बनाए। महाविद्यालय हल्द्वानी ने महाविद्यालय हल्दुचौड़ से मैच जीत कर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान बनाया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच महाविद्यालय खटीमा एवम महाविद्यालय काशीपुर के मध्य खेला गया। मैच का शुभारंभ नगर निगम के आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने किया। उन्होने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। महाविद्यालय काशीपुर द्वारा टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 90 रन बनाए तथा खटीमा को 91 का लक्ष्य दिया। खटीमा की टीम 16 ओवर में 85 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस अवसर कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ नागेंद्र शर्मा एवम प्रतियोगिता के आयोजक सचिव डॉ. राजेश कुमार ने विजेता टीमों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के तीसरे दिन महाविद्यालय हल्द्वानी एवं महाविद्यालय काशीपुर तथा महाविद्यालय रुद्रपुर एवं महाविद्यालय बाजपुर के मध्य क्वार्टर फाइनल के मैच खेले जाएंगे। उक्त अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र नेगी , डॉ. सुदर्शन, डॉ. मनोज जोशी, निर्णायक की भूमिका में राजेंद्र कुमार, सितेंद्र मिश्रा, लोकेश पांडेय, पवन सिंह बिष्ट, योगेश पांडेय, चेतन भट्ट आदि उपस्थित रहे।



# टीवी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए पोषण किट का वितरण



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय टीवी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा नि:क्षय पोषण योजना के तहत एक सौ टीवी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए पोषण किट का वितरण कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज शर्मा उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उन्होंने अवगत कराया कि स्वास्थ्य मंत्रालय एवं भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 तक टीवी मुक्त भारत की परिकल्पना की गई है। जिस हेतु विभाग के साथ-साथ टीवी रोगियों के प्रति पूर्ण सहानुभूति व इस रोग के खात्मे हेतु आम जनमानस सहित समस्त संस्थाओं की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि पोषण एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन संस्था द्वारा जनपद में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। अत: इस संस्था से यह अपेक्षा की जाती है कि नि:क्षय पोषण योजना के तहत ष्टीवी हारेगा देश जीतेगाष अभियान को सफल बनाने हेतु इसी प्रकार अपना योगदान देते रहे। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय पांडे, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर राजेश आर्य, चंद्रबली पुजारी, बीएन बेलवाल, सुनील सती, शुभम पपनोई, विजय वर्मा, राजेश अरोड़ा, योगेश पांडे, रीना सिंह एवं ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के डीपीओ मोहित सक्सेना क्षेत्र समन्वयक अनुज सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

# कछुओं के मांस समेत तस्कर गिरफ्तार

गदरपुर/दिनेशपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गापुर में टीन शेड की दीवार के पास से 18 किलो कछुए के मांस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। कछुआ रखने के मामले में पकड़े गए आरोपी का संबंधित धाराओं में चालान किया गया है। मंगलवार को पंतनगर पुलिस क्षेत्राधिकारी तपेश कुमार ने थाने पहुंचकर पत्रकारों के बताया कि दिनेशपुर पुलिस ने रविवार की देर शाम थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बकसौरा ग्राम दुर्गापुर नं. 1, दुर्गा



एन्क्लेव से सटे एक टीन शेड में दीवार के पीछे एक कछुए को काटकर रखे गये 18 किलो मांस को बरामद किया और तस्कर को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पशुचिकित्सक डॉ. पूजा बढ़ला की टीम ने मांस का टुकड़ा एकत्र किया। नमूना लेकर प्रयोगशाला भेज दिया गया है। पकड़े गये संजय के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। टीम में थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय, उपनिरीक्षक मनोज कुमार, कांस्टेबल प्रमोद कुमार व बलवंत सिंह आदि रहे।

# सर्व इंडिया में स्वीप गतिविधियों का आयोजन

गदरपुर (उद संवाददाता)। सर्व इंडिया इंटर कॉलेज रोशनपुर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता व महत्व को लेकर चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला सीनियर स्तर प्रतियोगिता में आशा ,एकता व संगीता ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान जबकि निबंध प्रतियोगिता सीनियर स्तर में सुनयना, संगीता व आशा क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान एवं जूनियर स्तर चित्रकला प्रतियोगिता में दीपक, मीनाक्षी व निखिल ने क्रमश: प्रथम,द्वितीय



तृतीय स्थान प्राप्त किया! प्रधानाचार्य अनिल द्विवेदी ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भावी एवं युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है के प्रतिशत को बढ़ाना ही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है प्रतियोगिता के आयोजक डॉ० संदीप कुमार पांडेय (उत्तराखंड राज्यस्तरीय कला प्रतिभा सम्मान प्राप्त) ने अपने संबोधन में बताया कि प्रजातंत्र का सबसे बड़ा त्योहार मतदान है !हमें वोट डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए! जिससे लोकतंत्र को मजबूत बनाया जा सकता है! इस दौरान गुंजा रानी, हर्षदीप कौर, सुहानी, मेघा, माहेनूर, आरिफा इत्यादि छात्र- छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री का किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर पहुँचे भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार का वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर ने अंग वस्त्र भेट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री से संगठनात्मक विषयो पर उनके चर्चा वार्ता हुई। प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार गदरपुर के कई कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को तैयारियों में जुटने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा पुन: विजय प्राप्त करेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, अनिल जेटली, राजेश गुम्बर, पंकज सेतिया महेन्दर कालरा हरीश जेटली सुभाष गुम्बर राकेश भुसरी आदि लोग मौजूद रहे।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# पुलिस के हत्थे चढ़े दो सटोरिए

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुलिस ने दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से सट्टा पर्ची और नगदी बरामद हुई है। उनके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। राजपुरा पुलिस ने चौकिंग के दौरान टनकपुर रोड तिराहे के पास एक युवक को सट्टे की खाईबाड़ी करते एक युवक को धर दबोचा। उसके पास से सट्टा पर्ची और 1330 रूपए की नगदी बरामद हुई है। पकड़े गए सटोरिए ने अपना विशाल आर्या उर्फ लट्टर उर्फ स्व. किशन लाल निवासी वार्ड नंबर 12 राजपुरा राजेन्द्र नगर बताया। वहीं बनभूलपुरा पुलिस को चोरगलिया रोड पर चौकिंग के दौरान गफूर बस्ती में सट्टे की खाईबाड़ी होने की सूचना मिली। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एक व्यक्ति को धर दबोचा। उसके पास से सट्टा पर्ची और 1030 रूपए बरामद हुए हैं।

# युवक से जान माल का खतरा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।बाजार से घर की ओर जा रहे व्यक्ति पर एक युवक ने मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट में उसे गंभीर चोट आई है। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मालती विहार बिठौरिया नंबर 1 निवासी हेमा तिवारी पत्नी गिरधर तिवाडी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके पति 25 दिसंबर की शाम को घर की ओर आ रहे थे। कालोनी में स्थित भूमिया मंदिर के पास वह दो लोगों से बातचीत करे रहे थे तभी मयंक धामी नामक युवक ने उसके पति पर हमला कर दिया। उस पर लात घूसे और पत्थर मारकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक उसके पति को मरा हुआ समझ कर नाले में फेंक गया। उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने युवक से जान माल का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# चार साहिबजादों की याद में सुखमणि साहिब के पाठ आयोजित



गदरपुर(उद संवाददाता)। शहीदी सप्ताह के दौरान श्री गुरु गोविंद सिंह जी के शहीद हुए चार पुत्रों एवं माता गुजरी जी के शहीदी दिवस पर भाजपा के विभिन्न संगठनों द्वारा गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष नतमस्तक होते हुए श्री सुखमणि साहिब जी के पाठ का आयोजन करवाया गया । ग्रंथी भाई राजेंद्र सिंह द्वारा अरदास करके शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए नमन करने के उपरांत सर्वत्र सुख शांति की कामना की । भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार पुत्रों बाबा अजीत सिंह ,जुझार सिंह ,जोरावर सिंह ,फतेह सिंह एवं श्री गुरु तेग बहादुर तथा माता गुजरी कौर के अलावा अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए गुरबाणी पाठ का आयोजन करके भाजपा के विभिन्न संगठनों द्वारा उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई । उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चार साहिब जादों एवं अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए इस दिन को वीर बाल दिवस का नाम देते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए हैं । शहीदों द्वारा अपने प्राण न्यौछावर करके देश धर्म की रक्षा करके हमको नई राह दिखाई गई है हमारा फर्ज बनता है कि हम उनके बताएं मार्ग पर चलकर सदैव देश की एकता अखंडता एवं धर्म की रक्षा के लिए एकजुट हो । इस मौके पर रविंद्र बजाज, नरेश हुडिया, सुभाष गुंबर,राकेश भुड्डी,सुरेश खुराना, पंकज सेतिया, अशोक हुड़िया, हरलोक सिंह, संतोष गुप्ता, परमजीत सिंह,कपिल अरोड़ा, दीपक बेहड़, राहुल अनेजा, संदीप चावला, राजकुमार सिंधी ,विनय गगनेजा, ज्योति अरोड़ा ,पूनम ग्रोवर ,कुलवीरी चौधरी सहित तमाम श्रद्धालु संगत मौजूद रही ।

# मौर्य एकेडमी की छात्रा हनी खेल महाकुंभ में रहीं प्रथम



गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के गदरपुर क्षेत्र में सेना एवं पुलिस से रिटायर्ड अधिकारियों द्वारा संचालित मौर्य एकेडमी है जहां बच्चों को उनके कैरियर से संबंधित सभी प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता है। मौर्य एकेडमी के डायरेक्टर आनंद कुमार ने बताया कि एकेडमी के छात्र–छात्राओं ने उत्तराखंड पुलिस, एसएससी (जीडी)एवं आर्मी की भर्तियों के साथ–साथ एकेडमी के क्रिकेट खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी,उत्तराखंड बोर्ड और यूपीएल में अपनी जगह बनाकर मौर्य एकेडमी का नाम रोशन किया है । एकेडमी की छात्रा हनी पुत्री चंद्रपाल सिंह निवासी ग्राम अब्दुल्ला नगर ने राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर इस क्षेत्र का नाम रोशन किया है । एकेडमी डायरेक्टर आनंद कुमार ने बताया कि हनी बहुत ही मेहनती छात्रा तथा एक गरीब परिवार से है हनी के पिता सब्जी बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं हनी ने इससे पहले नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ( भारतीय खेल संघ) के द्वारा आयोजित इंडो नेपाल में चौंपियनशिप गेम में हनी ने 400 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान लाकर देश के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त किया था । हनी द्वारा उत्तराखंड राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर एकेडमी डायरेक्टर आनंद कुमार एवं समस्त स्टाफ और एकेडमी के सभी छात्र– छात्राओं ने हनी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

# सीएम पुष्कर सिंह धामी को भेंट किया स्मृति चिन्ह

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर में सोमवार को आयोजित प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रुद्रपुर व्यापार मंडल द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सीएम धामी ने सभी का आभार व्यक्त किया और व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।



# विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के योजना प्रस्तावों को सीएम ने किया स्वीकृत

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा में सम्मिलित भीमताल, काशीपुर एवं रूद्रपुर विधानसभा क्षेत्रों के योजना



प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया।यह सभी प्रस्ताव 11 मई 2023 को नैनीताल लोकसभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक में विधायकगणों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। इन प्रस्तावों में टू–लेन बाईपास, सड़क चौड़ीकरण व डामरीकरण एवं सड़कों के निर्माण हेतु काशीपुर–रूद्रपुर रोड को 420.49 लाख एवं जैतपुर–धनौरी मार्ग में 599.97 लाख के कार्यों की स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल सौंदर्यीकरण तथा मोदी मैदान में स्टेडियम (इन्डोर व आउटडोर) का प्रस्ताव तैयार कर चरणबद्ध रूप से निर्माण कार्यों को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

# भीम आर्मी ने मनाई शहीद उधम सिंह जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भीम आर्मी भारत एकता मिशन तत्वाधान में शहीद उधम सिंह जयंती मनाई गई। इस मौके पर कलेक्ट्रेट स्थित शहीद ऊधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर मिशन के लोगों ने कहा कि शहीद उधम सिंह का बलिदान कभी नहीं भुलाया जा सकता



है। ऐसे वीर योद्धा की कुर्बानी से हमें प्रेरणा लेकर हमेशा उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार भारती, सचिव तरनजीत सिंह,महासचिव विवेक कुमार जाटव, मनोहर, मुकेश, डॉक्टर अंकुर वर्मा, राजेंद्र सिंह, श्याम सुंदर, देवशरण मुरारी, राजपाल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा मंत्री से की किच्छा में बालिका इंटर कालेज की मांग

किच्छा(उद संवाददाता)।कांग्रेस के प्रदेश सचिव संजीव कुमार सिंह ने नालंदा स्कूल की 25वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत रावत से मुलाकात की तथा उनसे किच्छा में एक बालिका इण्टर कॉलेज की मांग की। श्री सिंह नें शिक्षा मंत्री को बताया कि किच्छा में एक ही पुराना बालिका इण्टर कॉलेज है। समय के साथ छात्राओं की संख्या बढ़ गयी



है लेकिन पुराने बालिका इण्टर कॉलेज में जगह की कमी के कारण कक्षों का निर्माण नहीं हो पा रहा है। प्रत्येक कक्षा में बालिकाओं की संख्या बहुत अधिक हो गई है जिससे उनको परेशानी का सामना करना पड़ता है। वार्ता के उपरांत शिक्षा मंत्री नें शीघ्र ही सर्वे करा कर आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि एवं किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, डॉ. राहुल किशोर, डॉ. मृदुला किशोर, कमलेश कुमार दुबे, धनञ्जय सिंह, विकास चौहान, संजय यादव, नवीन सिंह, आदि लोग उपस्थित थे।

# खाईबाड़ी करता एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक सटोरिए को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से सट्टा पर्ची और नगदी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाना पुलिस ने क्षेत्र में चौकिंग के दौरान ख्वाजा कालोनी इंद्रानगर से एक सटोरिए को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए धर दबोचा। तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टा पर्ची और 1220 रूपए की नगदी बरामद हुई। पूछताछ करने पर पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम पता अजीम पुत्र लईक अहमद निवासी इंद्रानगर बड़ी मस्जिद बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# खुरपिया फार्म का किया निरीक्षण

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के साथ हल्द्वानी रोड खुरपिया फार्म में बन रहे एम्स का उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने एम्स के विभिन्न क्षेत्र का मंत्री को निरीक्षण कराया तथा दिशा निर्देश हासिल किया। विधायक राजेश शुक्ला ने बताया कि उनके कार्यकाल में किच्छा नगर को एम्स के रूप में एक विशेष उपहार दिया गया जिसका की धरातल पर उतरना अति आवश्यक है इसके लिए वे हर संभव प्रयास करते रहेंगे।

# रशियन लड़कियां नचाने को लेकर हंगामा

## क्रिसमस डे कार्यक्रम में छात्रसंघ पूर्व अध्यक्षा से मारपीट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भुजियाघाट के एक रिजॉट में क्रिसमस डे पर आयोजित कार्यक्रम में रशियन लड़कियां नचाने को लेकर हंगामा हो गया। इस दौरान दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें एक युवक का सिर फोड़ दिया गया। कई राउण्ड फायरिंग की भी सूचना है। हंगामे के दौरान महाविद्यालय की पूर्व छात्रसंघ अध्यक्षा से भी अभद्रता एवं मारपीट हुई। वह साथी लड़कियां के साथ हंगामे के दौरान फंसी रही। बताया जाता है कि भुजियाघाट के गोल्डन सन पार्क नामक रिजॉट में क्रिसमस डे पर पार्टी का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में हरियाणा के गायक अजय हुड्डा को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम देखने के लिए कुछ स्थानीय युवक भी वहां पहुंच गए। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्षा रश्मि लमगड़िया भी अपने साथियों के साथ पहुंची थी। आरोप है कि कार्यक्रम में पहुंच स्थानीय युवकों ने रश्मि के साथ गई एक युवती से छेड़छाड़ कर दी जिसका विरोध किया तो वह भड़क गए और दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में एक युवक का सिर फूट गया। जिसे बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि घटना के समय कई राउण्ड फायरिंग भी हुई। मामले की सूचना मिलते ही ज्योलीकोट चौकी प्रभारी अविनाश मौर्य मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस का कहना है कि छात्र संघ चुनाव को लेकर दो गुटों में मारपीट हुई है। फायरिंग की बात निराधार है। बताया जा रहा है कार्यक्रम में रशियन लड़कियां नचाई जा रही थी जिसका स्थानीय युवकों ने विरोध किया तो हंगामा खड़ा हो गया। वहीं पूर्व छात्रसंघ रश्मि लमगड़िया का कहना है कि वह क्रिसमस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंची थी और कार्यक्रम में पहुंचे स्थानीय युवकों ने लड़कियों के साथ अभद्रता कर दी। उनके साथ मारपीट हुई जिसमें वह भी घायल हुई हैं। इस मामले की तहरीर पुलिस को दी जाएगी।

# चार साहिबजादों की महान शहादत को याद किया

सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज में सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों की महान शहादत को बाल वीर दिवस के रूप में स्मरण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यलय के प्राचार्य प्रो. सुभाष वर्मा ने वीर बाल दिवस की महत्ता तथा चारों शहीद बाल वीरों के जीवन तथा उनके शौर्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ एम सी आर्या ,इतिहास विभागाध्यक्ष ने भी इस अवसर पर बाल शहीदों को नमन करते हुए अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ राजविंदर कौर, हिंदी विभागाध्यक्ष ने सरहिन्द तथा चमकौर की घटनाओं का वर्णन किया। डॉ सत्यमित्र सिंह ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान भाषण तथा कविता प्रतियोगिताओं के साथ विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसने विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में विक्रांत तिवारी जकी, धर्मेश , मनदीप क्रांति कुमार आदि ने विचार गोष्ठी में प्रतिभाग कर अपने विचार रखे। सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय




प्रथम, आकाश विश्वास तथा ममता बिष्ट द्वितीय, पूजा मण्डल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में पुष्पा ने प्रथम, सुमित ने द्वितीय तथा अंजू गोनियाँ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मो डे के कर कमलों से प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में डॉ कमला उपाध्याय , डॉ मनीषा शर्मा, डॉ नीति चौहान, डॉ चारू उपरेती, डॉ कार्तिकेय भट्ट , द्रौपदी कन्याल आदि की सक्रिय उपस्थिति रही।

# कृषि मंत्री ने जैव प्रौद्योगिकी परिषद का किया निरीक्षण

## पहाड़ में विलुप्त हो रहे उत्पाद जैसे माल्टा, कीनू इत्यादि फलों का शोध तथा विलुप्त होने के कारणों का पता लगाया जाए

पंतनगर(उद संवाददाता)। प्रदेश के कृषि मंत्री एवं जैव प्रौद्योगिकी परिषद के अध्यक्ष गणेश जोशी ने मंगलवार को उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद हल्दी पंतनगर के कार्यालय पहुंचकर परिषद के अधिकारियों के साथ बैठक की और विभागीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने परिषद की संचालित योजनाओं एवं शोध कार्यो का जायजा लिया। परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार ने उनका स्वागत व अभिनंदन किया एवं समस्त गतिविधियों व योजनाओं की विधिवित जानकारी से मंत्री गणेश जोशी को अवगत कराया।इस दौरान उत्तराखंड जैविक प्रौद्योगिकी परिषद के डायरेक्टर ने परिषद द्वारा अभी तक किए जा रहे कार्यों की प्रस्तुतिकरण किया गया। जैविक प्रौद्योगिकी परिषद के डायरेक्टर ने कृषि मंत्री गणेश जोशी को परिषद द्वारा किए गए शोध तथा विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। बैठक में जैविक प्रौद्योगिकी परिषद के अधिकारियों द्वारा मंत्री गणेश जोशी को अवगत कराया कि परिषद द्वारा राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पर्वतीय बीज कमंडल (सीड बॉल) का निर्माण भी कराया गया। जिसमे जनपद ऊधम सिंह नगर के 05 विद्यालय के छात्र छात्राओं परिषद के वैज्ञानिकों और कर्मचारियों द्वारा किसानों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। जिसपर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने कहा संस्थान अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन बखूबी निभा रहा है। उन्होंने कहा जैविक कहा कि शोध संस्थानों में बेसिक रिसर्च का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने परिषद के अधिकारियों को पहाड़ में विलुप्त हो रहे उत्पाद जैसे माल्टा, कीनू इत्यादि फलों शोध तथा विलुप्त होने के कारणों का पता लगाया जाए। कैंसर जैसी असाध्य बीमारियों के होने की संभावना बढ़ती है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश में उत्पादित मिलेट्स की गुणवत्ता काफी बेहतर है, और प्रदेश में मिलेट्स को बढ़ावा मिलने से आत्मनिर्भर भारत को बल शामिल कराया जाना मुख्य बताया। निदेशक डॉ. संजय कुमार ने विभागीय अध्यक्ष को परिषद में संचालित समस्त गतिविधियों, शोध कार्यों, प्राप्त उपलब्धियां की विस्तृत जानकारी दी। विभागीय मंत्री ने परिषद के कार्यों पर





प्रतिभाग किया गया। जिसका वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज हुआ। इन सीड को जंगलों में फेंकने से प्रकृति का वातावरण और हरा भरा बनने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त परिषद द्वारा एक कॉन्क्लेव के माध्यम से 200 प्रौद्योगिकी परिषद ने कई क्षेत्रों में अवार्ड, गिनीज बुक में नाम दर्ज कर जैसे उत्कृष्ट कार्य कर रहे है। इसके लिए उन्होंने संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंत्री गणेश जोशी ने उन्होंने प्रदेश में ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के साथ मिट्टी की उर्वरकता बनाए रखने के लिए कम से कम रसायन व पेस्टिसाइड को उपयोग में लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मिट्टी की उर्वरकता समाप्त होने से मिला है। उन्होंने विभिन्न ग्रुप के साथ मिलकर मिलेट्स को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर बढ़ावा दिए जाने की बात कही और उसके लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी जिसमें देश व विदेश स्तर के होटल मेन्यू में मिलेट्स उत्पाद को संतोष जताते हुए प्रदेश हित मे और बेहतर कार्य करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. संजय कुमार, वैज्ञानिक डॉ. मनेंद्र मोहन, वैज्ञानिक महेंद्र, वैज्ञानिक डॉ. कंचन कार्की सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# किच्छा में शीघ्र होगा एम्स का भूमि पूजन: धन सिंह

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार ने किच्छा को एम्स के रूप में बड़ी सौगात दी है। उत्तराखंड ही एकमात्र ऐसा प्रदेश है जिसको दो एम्स की सौगात मिली है उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की आग्रह पर खुरपिया फार्म में करीब 100 एकड़ जमीन एम्स को दे दी गई है। जिसका दीवार निर्माण का काम चल रहा है। शीघ्र ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भूमि पूजन करेंगे। यहां उन्होंने खुरपियाफार्म हल्द्वानी मार्ग पर निर्माणाधीन एम्स अस्पताल का निरीक्षण किया और अधिकारियों से जानकारी ली।इससे पूर्व सांसद प्रतिनिधि धर्मराज जायसवाल के निवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए केविनेट मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि एम्स बनने के बाद पूरे कुमाऊं और उधम सिंह नगर की जनता के अलावा यूपी,नेपाल की जनता को भी इसका लाभ मिलेगा। कहा कि पूर्व में गंभीर मरीजों को हल्द्वानी तथा ऋषिकेश रेफर कर दिया जाता था, परंतु अब एम्स बनने के बाद उनका यही इलाज होगा।कहा कि आयुष्मान भारत एवं अटल आयुष्मान के माध्यम से पांच लाख तक इलाज की व्यवस्था एम्स में की जा रही है। कार्ड धारकों को जल्द ही किच्छा में इस सुविधा का लाभ मिलना शुरू हो



जाएगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से 400 चिकित्सकों की नियुक्ति जल्द की जाएगी, इसके बाद उत्तराखंड में चिकित्सकों की कोई कमी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि पैरामेडिकल स्टाफ के लिए 3000 नर्सों की भर्ती शुरू कर दी गई है तथा 1376 नर्सों को नियुक्ति पत्र दे दिया गया है एवं 12000 आशा वर्कर लगा एवं 1374 एएनएम कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही 2500 वार्ड बॉय की भर्ती शुरू की जाएगी एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिक्कतों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री रावत ने कहा कि जल्द ही ओटी टेक्नीशियन, लैब टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन की कमी को दूर करने के लिए ढाई सौ नियुक्ति पत्र जनवरी माह में दिए जाने के बाद कमी दूर हो जाएगी।उन्होंने कहा कि हल्द्वानी एवं देहरादून में दो कैंसर हॉस्पिटल बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई वर्ष 2025/26 में प्रारंभ कर दी जाएगी साथ ही पिथौरागढ़ में भी एमबीबीएस की शिक्षा प्रारंभ की जाएगी उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में 10 मेडिकल कॉलेज बना दिए गए हैं जिससे उत्तराखंड में चिकित्सा सुविधा बेहतर हो जायेगी।बताया कि सभी जिला अस्पतालों में एम आर आई वसीटी स्कैन की व्यवस्था की जा रही है जिस वजह से अब मरीजों को एम आर आई एवं सीटी स्कैन के लिए भी परेशानियां नहीं उठानी पड़ेगी।एक सवाल के जवाब में कहा की उत्तराखंड 25कोलेजो मैं आई ए एस एवम पीसीएस की कोचिंग प्रारंभ कर दी गई है।विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए स्कालरशिप योजना भी लागू कर दी गई है।इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने हल्द्वानी मार्ग पर निर्माणाधीन एम्स अस्पताल का निरीक्षण किया और अधिकारियों से जानकारी हासिल कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, कोतवाली निरीक्षक सुंदरम शर्मा के अलावा भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल, राजेश शुक्ला, शैली फुटेला, विवेक सक्सेना, विवेक राय, राकेश गुप्ता, नितिन चरण आदि मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत यहां ब्लॉक कार्यालय में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज एवं कल्याण विभाग, उद्योग विभाग ,उद्यान विभाग, लीड बैंक आदि कई अन्य विभागों की टीमों द्वारा भागीदारी की गई। आम जनता तक सरकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ पहुंचाया गया। शिविर में सीएससी सेंटर का भी सहयोग लिया गया। मौके पर ही जनता को आधार कार्ड, आभा आईडी, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा के फार्म भरे गये, आयुष्मान कार्ड बनाए गए, नि:शुल्क जांच की गई। साथ ही 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान बीडीओ दीवान सिंह कन्याल, कृषि अधिकारी संतोष तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिला समन्वयक विनीत अग्रवाल ने बताया कि बुधवार को भीमताल ब्लांक कार्यालय व दमवाढुगा के अंबेडकर पार्क में बहुदेशीय शिविर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, प्रताप बौरा, महेन्द्र सिंह, भुवन भट्ट ,धीरज पाण्डे, कमल पाण्डे, अमित चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।



# अग्रवाल महिला समिति ने किया हनुमान धाम व गर्जिया मंदिर का भ्रमण



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अग्रवाल महिला समिति नगर इकाई की महिलाओं द्वारा धार्मिक स्थल भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत समिति ने हनुमान धाम और गर्जिया माता के दर्शन किए। अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्षा सुषमा अग्रवाल, महामंत्री प्रिया गर्ग और कोषाध्यक्ष उषा श्यामपुरिया ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर तैयारी की। अग्रवाल सभा के सरपरस्त ताराचंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष गौतम रुंगटा, समाजसेवी राजेंद्र तुलस्यान, पुरुषोत्तम बंसल और विजय अग्रवाल ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण कार्यक्रम में अग्रवाल सभा की बहनों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी कर पुण्य लाभ कमाया। यात्रा के दौरान भजन कीर्तन करते हुए अंताक्षरी द्वारा मनोरंजन भी किया गया। बहनों को बहुत से गेम्स खिलाए गए। अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, महामंत्री प्रिया गर्ग और कोषाध्यक्ष उषा श्यामपुरिया के इस कार्यक्रम की सराहना की गई। इस दौरान कांता अग्रवाल, संगीता जैन, काजल अग्रवाल, बीना गोयल, कुसुम जैन, मंजू अग्रवाल, सुरेखा जैन, सीमा अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, निशा अग्रवाल, शालिनी गोयल, निर्मला मित्तल, शारदा अग्रवाल आदि मौजूद थीं।

# तुलसी पूजन के साथ मनाया क्रिसमस डे

## न्यू वुडलैंड स्कूल में हुए आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैंप में न्यू वुडलैंड स्कूल में तुलसी पूजन के साथ ही क्रिसमस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय कर और दीप प्रज्जवलित कर नमन किया। उन्होंने फीता काटकर क्रिसमस डे पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हिंदू संस्कृति में तुलसी दिवस एवम क्रिसमस डे की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय में बच्चों ने सांता क्लॉज की वेशभूषा में अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके





प्रबंधन द्वारा बच्चों के साथ विधि विधान से तुलसी पौधे की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इससे पूर्व विद्यालय के प्रबंधक दिलीप अधिकारी ने विद्यालय स्टॉफ संग मंच पर विराजमान तुलसी पौधे पर पुष्प अर्पित पौधे को विशेष दर्जा दिया गया है। लोग प्रतिदिन तुलसी पौधे को जल अर्पित कर उसकी पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा आज ही के दिन प्रभु यीशु का जन्म हुआ था। ईसाई मिशनरियों में क्रिसमस पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाता है। श्री अधिकारी ने सभी को तुलसी पूजन पर प्रधानाचार्य प्रीति न्याल, लाल बहादुर गंगवार, सुनील कुमार, अर्चिता मंडल अधिकारी, अनामिका डे, राखी झा, रागिनी यादव, अंकित आनंद, विमला बिष्ट, वंदना कश्यप, नीरज सिंह, नरेंद्र कुमार शर्मा व सरोज गंगवार सहित समस्त स्टॉफ तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लेकर शहीद हुए उधम सिंह: चुघ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहीद ऊधम सिंह की जयंती पर गत दिवस भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ ने साथियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित शहीद ऊधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। उन्होंने कहा कि शहीद ऊधम सिंह जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लेकर शहीद हुए थे।उन्होंने देश के आंदोलन में क्रांतिकारी भूमिका निभाई थी। देश की आजादी में उनका योगदान कभी नहीं भुलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जलियावाला में आंदोलनकारियों पर फायरिंग करने का आदेश देने वाले अंग्रेजी हकूमत के मेजर जनरल डायर को उधम सिंह ने लंदन में भरी अदालत में भारत माता के जयघोषों के साथ गोलियों से छलनी कर दिया था। श्री चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिख समाज के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहबजादों की कुर्बानी की स्मृति में वीर बालक दिवस मनाने की घोषणा की है। जिसे देखते हुए उनकी अगुवाई में सभी ने वीर बालकों के बलिदान को नमन किया। श्री चुघ ने बताया कि सिख समाज के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहबजादोंपांच वर्षीय बाबा अजीत सिंह जी और सात वर्षीय बाबा जुझार सिंह जी को मुगल शासकों ने दीवार में चिनवाकर शहीद कर दिया। उन्होंने बताया कि पंद्रह वर्षीय साहबजादे



बाबा जोरावर सिंह जी तथा सत्रह वर्षीय बाबा फतेह सिंह जी मुगल फौजों से जंग के मैदान में सामना करते शहीद हो गए। उनके इस बलिदान से देश के युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान उनके साथ बलजीत सिंह गाबा, नरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह नारंग, जगजीत सिंह गोल्डी, वीएस गंगवार, डॉ प्रशांत सिंह, अजीत पाल सिंह, हरविंदर सिंह जॉनी, संजय आर्य, शिव कुमार शिब्बू, सन्नी पासवान, अभिषेक कुमार, सूरज कुमार आदि उपस्थित थे।

# शहादत को समर्पित गुरमत समागम आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा में चार साहिबजादे व माता गुजरी जी की महान शहादत को समर्पित गुरमत समागम का आयोजन किया गया। जिसमें आस्ट्रेलिया से आये ज्ञानी गुरदेव सिंघ ने सिखो के दसवे गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंघ जी के चार साहिबजादे व माता गुजरी जी की शहीदी इतिहास संगत को बताया कि किस तरह उस समय की हुकूमत ने गुरु जी के दो छोटे साहिबजादो पांच वर्षीय बाबा अजीत सिंघ जी तथा सात वर्षीयबाबा जुझार सिंह जी को दीवारों में चिनवा कर शहीद कर दिया और बड़े साहिबजादे पंद्रह वर्षीय बाबा जोरावर



सिंघ जी व सत्रह वर्षीय बाबा फतेह सिंघ जी मुगल हुकूमत की लाखो की फौज का जंग के मैदान मैं सामना करते हुए शहीद हो गए। हजूरी रागी भाई प्रभु सिंघ



जी खालसा एवं भाई दलजीत सिंघ, जसपाल सिंघ के जत्थे ने गुरुजस गायन कर संगत को निहाल किया। अंत मैं हेड ग्रंथि भाई ठाकुर सिंघ ने अरदास कर प्रोग्राम का समापन किया। सभी संगत ने गुरु का लंगर छका। कार्यक्रम में इंदरजीत गार्डन की समूह संगत ने विशेष सहयोग दिया। प्रबंधन कमेटी ने आयी संगत का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में मुख्य सेवादार अमरजीत सिंघ, नरेन्दरजीत सिंघ रोडू, जसपाल सिंह, प्रभजोत सिंघ, मंजीत सिंघ, प्रिंस कोहली, हरजीत सिंघ, अवनीत सिंघ, जसबीर सिंघ , हरजोत सिंघ, रमन साहनी आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डा. रखोलिया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड मुक्त विवि में काशी हिन्दू विश्व विद्यालय के संस्थापक एवं महान समाज सुधारक महामना पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डा. ललित मोहन रखोलिया



को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विवि के कुलसचिव प्रो. पीडी पंत ने पं. मदन मोहन मालवीय के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पं. मदन मोहन मालवीय ने मातृभाषा और भारत माता की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया। महामना मालवीय फोरम के अध्यक्ष डॉ. एमसी जोशी और संयोजक डॉ. शितिकंठ दुबे ने कहा कि पं. मदन मोहन मालवीय अपनी कार्यकुशलता के लिए चिरकाल तक याद किए जाते रहेंगे। इस दौरान डॉ. नन्दन कुमार तिवारी, डॉ. शशांक शुक्ला, डॉ. अरविंद भट्ट, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. मंगलम रस्तोगी, डॉ. रंजीत दुबे, डॉ. सचिन दुबे उपस्थित रहे।

# शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत का जोरदार स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत का सांसद प्रतिनिधि धर्मराज जायसवाल एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजु जायसवाल के निवास पर भव्य स्वागत किया गया। तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने उच्च शिक्षा मंत्री शिक्षा आगमन पर उनका फूल मालाओं से लाल कर स्वागत सत्कार किया तथा इस अवसर पर एक सूक्ष्म जलपान का भी आयोजन किया गया। स्वागत समारोह के उपरांत उच्च शिक्षा मंत्री ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में जाकर सरकार द्वारा जनता के लिए बनाई गई योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक को दें ताकि प्रत्येक नागरिक सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकें। सांसद प्रतिनिधि धमराज जायसवाल ने इस अवसर पर



उच्च शिक्षा मंत्री का आभार प्रकट किया तथा कहा कि नगर की जनता को दिए गए आदर्श राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न विषयों की शिक्षा के लिए प्राचार्य की नियुक्ति किया जाना आवश्यक है सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि नगर के एकमात्र विद्यालय में अभी साइंस और कॉमर्स के विषयों की पढ़ाई का सत्र चालू नहीं हुआ है इस पर उच्च शिक्षा मंत्री ने आज स्वास्थ्य किया कि सीख रही नगर के आदर्श राजकीय महाविद्यालय में सभी विषयों की पढ़ाई को प्रारंभ किया जाएगा। यहां पर स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजेश शुक्ला,वरिष्ठ भाजपा नेता कुंदन लाल खुराना, किशन गोयल ,श्रीमती अंजू जायसवाल, संजीव खन्ना ,बाबुद्दीन कुरैशी ,कुलदीप सिंह बग्गा ,हरिश्चंद्र पंत, डी एन भाई मिश्रा, विवेक राय, आरती दुबे ,लता सिंह, शैली फुटेला, सुनीता गंगवार ,कविता मान ,रेणुका चौधरी, दया रसीला, जानकी तिवारी ,ज्योति जड़िया, सुरेंद्र चौधरी, कंचन शर्मा, मधु गुप्ता ,मीरा तिवारी, अंजलि तिवारी ,करुणा तिवारी, ममता सुयाल , शैल शुक्ला ,बाबुद्दीन कुरैशी ,रफीक मलिक, ततीर अहमद ,रवि नागपाल, प्रिंस तिवारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# अवैध शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। मुखानी थाना पुलिस ने कच्ची शराब के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार मुखानी थाना पुलिस को क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पूरनपुर गांव में वन विभाग कार्यालय के पास कच्ची शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसे धर दबोचा। उसके पास मिले कट्टे की तलाशी ली तो उसमें 52 पाउच कच्ची शराब बरामद हुए। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम पता जीतपुर नेगी मानपुर पश्चिम निवासी प्रेम सिंह राजपूत पुत्र जीत सिंह बताया। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# अक्षत कलश यात्रा निकाल किया सुन्दरकाण्ड पाठ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आरटीओ रोड स्थित देवी मंदिर से अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। श्री अयोध्या नगरी से अभिमंत्रित अक्षत स्थापित किए गए। भव्य शोभायात्रा निकालने के पश्चात मंदिर में भजन कीर्तन सुंदरकांड कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलश यात्रा गोविंदपुर गरवाल, हरिपुर नायक, वासुदेव पुरम, लालपुर नायक, छडेल जयदेव पुर आदि विभिन्न मार्गों पर से होकर गुजरती हुई देवी मंदिर में सम्पन्न हुई। इस दौरान विधायक वंशीधर भगत, महामंत्री प्रदेश राजेंद्र सिंह बिष्ट, मीडिया प्रभारी भुवन



भट्ट, गिरीश पाण्डे, महेश जोशी, भुवन आर्या, जितेन्द्र सिंह रावल, नरेन्द्र सिंह, गोपाल बुधकोटी, दीपक सनवाल, चंदन बिष्ट, शमशेर सिंह विर्क, मदन, राम शर्मा, तुलसी रौतेला, कृष्णा बौरा, विधा बिष्ट, विजया साह, रेखा साह आदि शामिल रहे।

# ज्वैलर्स की दुकान से हुई चोरी का खुलासा ,दो गिरफ्तार

सितारगंज(उद संवाददाता)। पुलिस ने 9 दिन पूर्व हुई ज्वैलर्स की दुकान से चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने वारदात में शामिल 2 चोरों को गिरफ्तार करते हुये उनके कब्जे से चोरी किया गया समान भी बरामद किया है। वारदात में शामिल एक चोर फरार हो गया है जिसकी तलाश जारी है। बतातें चलें कि बीती 17 दिसंबर की रात्रि में नगर के वार्ड 5 जेल कैम्प रोड स्थित अन्नपूर्णा ज्वैलर्स नामक दुकान के ताले तोड़कर चोरी हुई थी। दुकान स्वामी हरिओम रस्तोगी सुबह जब दुकान खोलने आये तो दुकान के ताले टूटे मिले, जिस पर उसने पुलिस को सूचना दी। दुकान स्वामी ने पुलिस को बताया था कि उसकी दुकान से चोर सोने, चांदी के आभूषणों के साथ कुछ नकदी भी चुरा ले गये है। पुलिस ने दुकान स्वामी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने नगर व आस पास के लगभग 250 सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के साथ ही कई टीमें बनाकर कार्य करना शुरू कर दिया। पुलिस को सुराग मिलने शुरू हो गये, सीसीटीवी कैमरों के फूटेज का अवलोकन कर सीसीटीवी फुटेज से प्राप्त जानकारी व हुलिये व घटना करते समय पहने गये कपडों से शिनाख्त करते हुये अभियुक्त जसवीर सिंह उर्फ जस्सू पुत्र अर्जुन सिंह निवासी ग्राम टुकड़ी, थाना नानकमत्ता, एवं जसवन्त सिंह पुत्र जागीर सिंह निवासी ग्राम बानूसी, थाना खटीमा को कैलाश नदी पार बिजराटा वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशादेही पर चोरी किये गये आभूषण व घटना को कारित करने में प्रयुक्त आलानकब व वाहन बरामद किये गये। पुलिस ने अभियुक्तों से पूछताछ पर बताया कि हम आपस में रिश्तेदार है, तथा फरार राज सिंह पुत्र जागीर सिंह अभियुक्त जसवन्त सिंह का सगा भाई है। जो पश्चिम बंगाल में रहता है। जसवीर सिंह व जसवन्त सिह ने बताया कि हम नेपाल में कसीनों में जुआ खेलने के दौरान काफी पैसा हार गये थे। पैसे की जरूरतों को पूरा करने के लिये पश्चिम बंगाल से राज सिंह को बुलाकर हम लोगों ने चोरी की योजना बनाई तथा 15 दिसंबर को पहले नानकमत्ता क्षेत्र में अंग्रेजी शराब की दुकान के ताले तोडकर रात्रि में चोरी की थी। लेकिन वहाँ ज्यादा माल न मिल पाने के कारण 17 दिसंबर की रात्रि में अन्नपूर्णा ज्वैलर्स सितारगंज में चोरी करने की योजना बनायी फिर रात्रि में लगभग 12 बजे सितारगंज में आकर मुहँ पर ढाटा बाँधकर व कम्बल ओढकर अन्नपुर्णा ज्वैलर्स की दुकान का ताला लोहे के कटर से काटकर दुकान के अन्दर रखी सेफ अलमारी का ताला



तोडकर उसमें रखे चाँदी के जेवरात चोरी कर ले गये थे। जिन्हें आपस में बाँट लिया और अपने -अपने घर ले गये थे। राज सिंह अपने हिस्से का माल लेकर पश्चिम बंगाल निकल गया था। गिरफ्तार जसवीर सिंह उर्फ जस्सू की निशादेही पर उसके घर ग्राम टुकडी से चोरी का माल बरामद किया गया व जसवन्त सिंह की निशानदेही पर उसके घर ग्राम बानूसी से चोरी का माल बरामद किया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकिलें, 1 कार, 1 लोहे का कटर , घटना के समय पहने जैकेट व ओढा कम्बल भी कब्जे में ले लिया है। आरोपियों ने थाना नानकमत्ता क्षेत्रान्तर्गत भी अंग्रेजी शराब की भट्टी का ताला काटकर वहाँ से भी चोरी करने की बात स्वीकार की है। मामले में प्रकाश में आये अभियुक्त राज सिंह पुत्र जागीर सिंह की तलाश जारी है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल भूपेन्द्र सिंह बृजवाल, एसआई चन्दन सिंह बिष्ट, संजय सिंह बोरा, विवेचक एसआई विक्रम सिंह धामी, एसआई इन्दर सिंह ढैला, एसआई राकेश रॉकली, एसआई सुरेन्द्र सिंह दानू, हैड कांस्टेबल नरेन्द्र यादव, हे. कानि. केशर सिंह, हे.कानि. प्रवेश गुप्ता, कानि. मनोज जोशी, कानि. चन्द्र प्रकाश, किरन कुमार मेहता, गिरीश चन्द्र,कपिल कुमार, हरीश राम, जगदीश लोहनी, बलवन्त सिंह मनराल, अशोक बोरा, मोहन बोरा एसओजी, कानि. ललित एसओजी, कानि. पंकज बिनवाल एसओजी आदि रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## हिंदी भाषियों का उपहास

दक्षिण भारत के कई नेता अक्सर ऐसे बयान देते देखे जाते हैं, जिनमें हिंदी भाषियों या उत्तर भारत के लोगों के प्रति अपमान या उपहास का भाव होता है। मामले के तूल पकड़ने के बाद सफाई के तौर पर 'अलग आशय होने' जैसे बहाने की आड़ ले ली जाती है, मगर कुछ दिनों बाद फिर उसी तरह के बयान यही दर्शाते हैं कि भारत के ही एक हिस्से के लोगों के प्रति दक्षिण भारत के कुछ नेताओं के भीतर एक विचित्र कुंठा और दुराग्रह मौजूद है। ताजा मामला तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम सांसद दयानिधि मारन के बयान का है, जिसमें उन्होंने इतना भी खयाल रखना जरूरी नहीं समझा कि जिन लोगों के बारे में वे अपने आग्रह दर्शा रहे हैं, वे शौक से नहीं, बल्कि मजबूरी में अपने परिवार का जीवन चलाने के लिए अन्य राज्यों में जाते हैं। सुर्खियों में आए वीडियो में दयानिधि मारन ने कहा कि अंग्रेजी जानने वाले लोग सूचना तकनीक कंपनियों में मोटी तनख्वाह पाते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश या बिहार से तमिलनाडु आने वाले हिंदी भाषी लोग या तो निर्माण कार्य करते हैं या फिर सड़क या शौचालय साफ करने जैसी छोटी-मोटी नौकरियां करते हैं। जाहिर है, उनके इस बयान के बाद एक बड़े तबके में भारी नाराजगी पैदा हुई, जो देश के भीतर भाषा, क्षेत्र और समुदाय के आधार पर विभाजन पैदा करने की कोशिशों का विरोध करते हैं। हालांकि इस मसले पर उठे विवाद के बाद द्रमुक ने इसे दयानिधि का पुराना बयान बताया, मगर सवाल है कि क्या किसी भी तर्क पर हिंदी भाषा और प्रवासी मजदूरों पर इस तरह की अपमानजनक और एक बड़े तबके की मेहनत को खारिज करने वाले बयान को उचित ठहराया जा सकता है? हिंदीभाषियों को लेकर ऐसे नेताओं का पूर्वाग्रह क्या देश की एकता की भावना को चोट नहीं पहुंचाता है? क्या वजह है कि अक्सर दक्षिण भारत और खासकर तमिलनाडु के नेता उत्तर भारत और हिंदीभाषी लोगों के बारे में ऐसे अपमानजनक बयान देते रहते हैं? संभव है कि यह उन्हें अपनी स्थानीय राजनीति को बचाने का जरिया लगता हो, लेकिन एक बड़े तबके के प्रति उपेक्षा या उपहास का भाव दर्शा कर वे अपनी विचारधारा और राजनीति की किस सीमा को जाहिर करते हैं। विडंबना है कि दयानिधि मारन जिन तबकों को कमतर बता रहे थे, राज्य में उनकी पार्टी उनके हित में ही सामाजिक न्याय का दावा करती है। बिहार और उत्तर प्रदेश से अगर कुछ लोग तमिलनाडु जाकर अपनी जीविका चलाने के लिए मेहनत-मजदूरी करते हैं, तो उन्हें किस तर्क और विचार के आधार पर कमतर माना जाना चाहिए? दुनिया के किस दर्शन में मेहनतकश लोगों का इस आधार पर उपहास उड़ाया जाता है? सूचना तकनीक के क्षेत्र में रोजगार की अपनी अहमियत है, लेकिन किसी भी देश या राज्य के विकास में इमारतों से लेकर सड़कों के निर्माण या साफ-सफाई के काम की कम भूमिका नहीं। क्या इसके बिना कोई भी राज्य या देश खुद को विकास की कसौटी पर पूर्ण बता सकता है? मेहनत-मजदूरी के काम को इस तरह हेय बता कर क्या श्रम के आधार पर व्यक्ति और समुदाय की पहचान का श्रेणीकरण नहीं किया जाता है? किसी भी भाषा, काम या पेशे को सम्मान देने से उस पहचान से जुड़े लोगों के दायरे का विस्तार होता है। फिर इस देश में हिंदी की जो जगह रही है, उसमें इसके प्रति नाहक दुराग्रह पालने वाले लोग क्या हासिल कर लेंगे?




# महान बलिदानों की गौरव गाथा कार्यक्रम आयोजित

## देश व धर्म की रक्षा को सिखों ने दिया बलिदान : सरदार अनूप सिंह

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। देश व धर्म की रक्षा के लिए सिख समाज बलिदान देने से कभी भी पीछे नहीं रहा है। इतिहास इसका साक्षी है। 'महान बलिदानों की गौरव गाथा' कार्यक्रम में वक्ताओं ने गुरु गोविंद सिंह समेत देश धर्म की खातिर सिखों के बलिदान का बखान किया। पत्रकार ललित शर्मा द्वारा आयोजित महान बलिदानों की गौरव गाथा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छटी पातशाही गुरुद्वारा नवाबगंज से आये स. अनूप सिंह वीर जी, अति विशिष्ट अतिथि भाजपा विधायक शिव अरोरा, किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, विशिष्ट अतिथि उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा अध्यक्ष भारत भूषण चुघ व वरिष्ठ समाजसेवी स. जरनेल सिंह काली समेत अनेक गणमान्य ने सिखों के बलिदानों को अतुलनीय बताया। दीप प्रज्जवलन के पश्चात मीरी पीरी खालसा अकादमी, नवाबगंज के छात्रों की प्रस्तुति ने दर्शकों को रोमांचित सा कर दिया। ष्बोले सो निहालष के जयकारों से आयोजन स्थल गूँजता रहा। मुख्य अतिथि स.अनूप सिंह श्वीर जीश ने अपने सम्बोधन में देश धर्म की रक्षा के लिये सिखों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि चाहे मुगल सल्तनत से टक्कर लेना हो या अंग्रेजों से देश को आजाद कराना हो, हर कसौटी पर खरा उतरकर सिख समाज ने बढ़ चढ़कर अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन किया है। उन्होंने युवा पीढ़ी का आह्वान करते हुए कहा कि वे सिखों के महान बलिदान की परंपरा को हमेशा याद करें और देश धर्म के लिये किसी भी प्रकार के त्याग से कभी भी पीछे ना हटें। विधायक शिव अरोरा ने सिखों को मार्शल कौम बताते




हुए कहा कि भारत की एकता और अखंडता में सिख समाज का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत के बारे में जानने और समझने का मौका मिलता है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि भारत की रक्षा के साथ ही विकास में भी सिख समाज का स्थान अभूतपूर्व है।शुक्ला ने भारत को एक सूत्र में पिरोने के लिये सिख गुरुओं के योगदान को अहम बताया और कहा कि सनातन संस्कृति और मानव मात्र के कल्याण में सिखों की शौर्य गाथा को भारतवासी कभी भी नहीं भुला सकते हैं। मीरी पीरी खालसा अकादमी के प्रबंधक स. गुरदेव सिंह (सेवा निवृत्त कर्नल) के कुशल दिशा निर्देशन में अकादमी के छात्रों द्वारा सिख योद्धाओं के त्याग बलिदान एवं शौर्य पर आधारित प्रस्तुतियों ने खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का संचालन करते ललित शर्मा ने देश और धर्म के लिये अपने प्राणों की आहुति देने वाले सिखों और खालसा पंथ पर आधारित अनेक प्रश्न पूछे और सही उत्तर देने वाले दर्शकों को मंच से ही गिफ्ट प्रदान किये। इस दौरान एसपी सिटी मनोज कत्याल, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, सिडकुल इंटरप्रिन्योर वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा, वरिष्ठ समाजसेवी प्रवीण गोयल, रामकिशन भारद्वाज, हेमंत नरूला, बलविंदर सिंह श्बल्लूश, जसवन्त गंभीर, हरविंदर चुघ, परमिंदर सिंह, दलजीत सिंह, सन्नी गाबा, जगजीत सिंह गोल्डी, बलविंदर सिंह, ब्रिजेन्दर सिंह चंदी, गुरदीप सिंह नागपाल, भजन सिंह, हरबंस सिंह, प्रीतम सिंह, बरजिंदर सिंह, सचिन आनंद, राजेश गाइन, विमल रस्तोगी, शालिनी शर्मा, एकता अरोरा, अमित कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# टिहरी में सीएम धामी ने जॉन्दरा चलाकर किया 2400 करोड़ रूपये के इनवेस्टमेंट की ग्राउंडिंग का शुभारंभ

## 'बेटी-ब्वारयूं कु कौथिग' में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को किया सम्मानित

देहरादून/ टिहरी गढ़वाल (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बौराड़ी नई टिहरी में 'बेटी-ब्वारयूं कु कौथिग' में प्रतिभाग करते हुए 415 करोड़ की 160 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों, हस्तशिल्प और हस्तकला प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं जॉन्दरा चलाकर महिलाओं को प्रोत्साहित किया और इन्वेस्टर्स समिट के दौरान टिहरी में हुए 3900 करोड़ के एमओयू में से 2400 करोड़ की ग्राउंडिंग का भी शुभारंभ किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सम्मानित करने के साथ ही छात्रों को 2025 तक ड्रग्स फ्री देवभूमि बनाने की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि मातृशक्ति के बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं है। राज्य निर्माण में मातृशक्ति का योगदान अमूल्य है। डबल इंजन की सरकार के कार्य उत्तराखण्ड में विकास के रूप में स्पष्ट नजर आ रहे हैं। सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र का विकास करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो काम देशभर में हो रहे हैं वे नए भारत की



शानदार तस्वीर को प्रस्तुत करते हैं। महिलाओं की सुविधा के लिए आज गांव-गांव में घरों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री श्री प्रेमचंद अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री श्री सुबोध उनियाल ने भी विचार रखे। इस मौके पर विधायक श्री किशोर उपाध्याय, श्री प्रीतम सिंह, श्री शक्तिलाल शाह, श्री विनोद कण्डारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोना सजवाण समेत कई लोग मौजूद रहे।

# राँझा के भागी हीर लिखी, साढी किस्मत विच जंजीर लिखी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहीद ऊधम सिंह का जन्म दिवस जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला कार्यालय में जनपद प्रभारी एवम ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला सहित विभिन्न व्यक्तियों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया। इस अवसर पर सभी महानुभावों ने देश के युवाओं से शहीद ऊधम सिंह के आदर्शों एवं मूल्य को आत्मसात करने को कहा। सभी ने शहीद ऊधम सिंह के जीवन के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि राँझा के भागी हीर लिखी, साढी किस्मत विच जंजीर लिखी। इस गीत की पंक्तियां गुनगुनाने वाले अमर शहीद उधम सिंह काम्बोज का जन्म 26 दिसम्बर 1899 को पंजाब के प्रसिद्ध कस्बे सुनान में सरदार टहल सिंह के घर हुआ था। जब इनकी आयु चार वर्ष की थी तो उनकी माता नारायणी कौर का निधन हो गया और इसके तीन वर्ष बाद इनके पिता भी गुजर गये। मां-बाप का साया उठने से इनकी सारी जिम्मेदारी बड़े भाई पर आ गई। दोनों भाइयों का पालन पोषण एक अनाथ आश्रम में हुआ। आश्रम के मैनेजर एवं उसकी पत्नी ने न केवल इनका पालन पोषण किया बल्कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार भी दिये। उधम सिंह का पहला नाम शेर सिंह था और फिर यह सिक्ख मर्यादा में अमृतपान कर उधम सिंह बने। 18 वर्ष की उम्र होते ही इनके इकलौते भाई का भी निधन हो गया। 1917 में खालसा स्कूल से दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की, फिर नौकरी की तलाश में वह इधर उधर भटकते रहे। इसी दौरान रोलेट एक्त के विरोध में महात्मा गांधी के आह्वान पर सत्याग्रह की घोषणा कर दी। मार्च 1919 में पंजाब में भारी आक्रोश फैल गया। जिसके चलते अमृतसर में डा० सैफुउद्दीन किचलू व डा० सतपाल पर अंग्रेज अफसरों ने उनके भाषणों को प्रतिबन्ध लगा दिया। अप्रैल 9 को अमृतसर में टामन बमी का त्यौहार मुस्लिम, सिक्ख, हिन्दू एकता के रूप में मनाया गया। इससे खफा पंजाब सरकार ने उनके निष्कासन करने का आदेश जारी कर दिया। आदेश के विरोध में 10 अप्रैल 1919 को जनता जुलूस की शक्ल में डीसी कोठी पर बढ़ रही थी कि सैनिकों ने गोलियां चला दी जिसमें काफी लोग मारे गये। अंग्रेजों ने सतपाल एवं डा० किचलू को गिरफ्तार कर लिया गया, इसके विरोध में वैशाखी के अवसर पर जलियांवाला बाग में जनसभा हुई। ब्रिटिश



सरकार के लैफ्टीनेंट गवर्नर ब्रिगेडियर ओडवायर ने वहां मौजूद लोगों पर गोलियां चलवा दी जिससे बड़ी संख्या में निर्दोष लोग मारे गये। इस गोली कांड में एक गोली बालक उधम सिंह के बाजू में भी लगी। उन्होंने लाशों के बीच छिपकर अपनी किसी तरह जान बचायी। इस वीभत्स नरसंहार को देखकर उधम सिंह का बाल हृदय दहल उठा और उनकी आंखों में आंसू आ गये। इस काण्ड से दुखित उधम सिंह स्वर्ण मंदिर गये और पवित्र सरोवर में स्नान कर जनरल ओडवायर से बदला लेने की प्रतिज्ञा की। समय तेजी से आगे बढ़ता गया और बालक उधम सिंह भी बड़े होने लगे इसके साथ ही उनके द्वारा बचपन में ली गई कसम और मजबूत होती गई देश में चारों ओर अंग्रेजी हुकूमत को हटाने के लिये आन्दोलन चल रहे थे। महात्मा गांधी सत्याग्रह आन्दोलन के द्वारा शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव, चन्द्रशेखर, सुभाष चन्द्र बोस क्रान्तिकारी तरीके से देश को आजाद कराने के लिये प्रयत्नशील थे। वहीं उधम सिंह ओडवायर से जलियांवाला बाग काण्ड के नरसंहार का बदला लेने की रणनीति बना रहे थे। ज्यो-ज्यो उधम सिंह बडे होते गये उनकी प्रतिज्ञा अटूट होती गई। उधम सिंह का कहना था कि ब्रिटिश सरकार ने निर्दोष जनता का नरसंहार किया, साथ ही राष्ट्रीय गौरव को भी अपमानित किया। बदला लेने के लिये वह गदर पार्टी में शामिल हुये। रिपब्लिक आर्मी के सम्पर्क में रह कर उन्होने क्रान्तिकारियों को गोला बारूद मुहैया कराया। 19 अक्टूबर 1937 को आर्मी एक्ट के तहत उन्हें पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा हुयी। अपना भेष व नाम बदलते हुये वह समुद्री यात्रा के द्वारा बदला लेने के लिये इंग्लैण्ड जा पहुंचे। 13 मार्च 1940 को लन्दन के कैंगस्टन हाल में किसी तरह उधम सिंह प्रवेश कर गये। उन्होने किताब के बीच में रिवाल्वर छिपा रखा था। इस हाल में अंग्रेजों के राजनैतिक सम्मेलन की सभा चल रही थी जिसकी समाप्ति से कुछ समय पूर्व खचाखच भरे हॉल में ऊधम सिंह ने बालकनी से जलियांवाला बाग के दोषी जनरल ओडवायर पर अन्धाधुन्ध गोलियां चला दीं। जिससे ओडवायर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस घटनाक्रम से पूरी ब्रिटिश हुकुमत स्तब्ध रह गई और ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लन्दन की पेटन जेल में भेज दिया जहां 31 जुलाई 1940 को उन्हे फांसी पर लटका दिया गया।शहीद उधम सिंह की अस्थियां भी ब्रिटिश हुकूमत ने भारत को नहीं दी। समय व्यतीत होता गया और 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। स्वतंत्र भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति स्व० ज्ञानी जैल सिंह जो कि पंजाब के मुख्यमंत्री थे ने 19 जुलाई 1974 को इग्लैण्ड जाकर उधम सिंह की अस्थियां प्राप्त की। इन अस्थियों को लेकर वह पंजाब आये और शहीद उधम सिंह की अंतिम इच्छा के अनुसार ज्ञानी जैल सिंह ने 31 जुलाई 1974 को उधम सिंह की अस्थियों का अंतिम संस्कार कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की।इस प्रकार शहीद उधम सिंह भारतीय स्वाधीनता संग्राम के इतिहास के पन्नों में समाहित होकर अमर हो गये। विगत 29 सितम्बर 1995 को शहीद उधम सिंह के नाम पर जनपद उधम सिंह नगर सृजन किया गया। शहीद के सपनों के अनुसार भारत का यह नवसृजित जनपद विकास की ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

